BSEH SAMPLE PAPER MARCH 2024

CLASS 12th (Senior Secondary )

Roll NO

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

लोक प्रशासन

Time Allowed : 3 hours Maximum Marks 80

कृपया सुनिश्चित करें कि प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ में 15 संख्या हैं और इसमें 38 प्रश्न हैं ।

प्रश्न पत्र के दाई ओर दिए गए कोड नंबर को छात्र द्वारा उतर-पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर लिखा जाना चाहिए ।

किसी प्रश्न का उतर देना शुरू करने से पहले उसका क्रमांक लिखना ।

अपनी उतर पुस्तिका में खली पन्ना / पन्ने न छोड़ें ।

उतर पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं दी जायगी । अत:आवश्यकतानुसार ही लिखें व् लिखे उत्तर को न काटें ।

परीक्षार्थी अपना रोल नंबर प्रश्न पत्र पर अवश्य लिखे ।

कृपया प्रश्नों का उतर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पत्र पूर्ण व् सही है,परीक्षा उपरांत इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायगा ।

सामान्य निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । कुल 38 प्रश्न हैं।

(ii) वस्तुनिष्ट प्रश्नों के सही विकल्प लिखें ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।

(iv) प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है।

(v) खण्ड अ में प्रश्न संख्या 1-20 शामिल है। ये MCQ प्रकार वाले, रिक्त स्थान वाले, एक शब्द में उत्तर वाले तथा अभिकथन कारण वाले प्रश्न होंगे। MCQ प्रकार के प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।

(vi) खंड ब में प्रश्न संख्या 21-29 शामिल है। ये अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक के लिए 2 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vii) खंड स में प्रश्न संख्या 30-35 शामिल है। वे लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक के 4 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(viii) खंड द में प्रश्न संख्या 36-38 शामिल है। वे दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के लिए 6 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया जाएगा।

## खंड -अ

## SECTION-A

## [वस्तुनिष्ठ प्रश्न]

**रिक्त स्थान भरें :-**

।प्रश्न 1 ............. के अभाव में कर्मचारियों में निराशा की भावना उत्पन्न हो जाती है। 1

प्रश्न 2 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यकाल .......... वर्ष होता है। 1

प्रश्न 3 भारत में अध्यादेश जारी करना .................का कार्य है। 1

प्रश्न 4 सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति ................. करता है। 1

प्रश्न 5 पंचायत समिति का कार्यकाल ............. वर्ष का होता है । 1

**बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए:-**

प्रश्न 6 लोक सेवा में भर्ती की लूट प्रणाली से संबंधित देश का नाम है:- 1

A) अमेरिका b) भारत C) फ्रांस D) इंग्लैंड

प्रश्न 7 सार्वजनिक लोक निगम सबसे पहले किस देश में अपनाए गए ? 1

A ) भारत B ) अमेरिका C) इंग्लैंड D) फ्रांस

प्रश्न 8 संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल होता है:- 1

A) 5 वर्ष B) 6 वर्ष C) 4 वर्ष D) 2 वर्ष

प्रश्न 9 भारतीय संविधान का संघात्मक स्वरूप किस देश से लिया गया है? 1

A )आयरलैंड B) कनाडा C) ब्रिटेन D) सयुंक्त राज्य अमेरिका

प्रश्न 10 प्रशिक्षण से तात्पर्य है :- 1

A) विवेक में वृद्धि B) नियमों का ज्ञान C) सैधांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान में परिणत करने की कला
D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11 प्रमोशन शब्द किस भाषा के शब्द प्रिमोवीर से बना है ? 1

A) फ्रेंच B) लैटिन C) अंग्रेजी D) ग्रीक

प्रश्न 12 ग्राम पंचायत की अध्यक्षता करता है :- 1

A) जिलाधीश B) सरपंच C) उप –सरपंच D) पंचायत विकास अधिकारी

प्रश्न 13 भारत में मनोनीत कार्यपालिका का उदाहरण है - 1

A )राष्टपति B) प्रधानमंत्री C) मुख्यमंत्री D) राज्यपाल

**निम्न लिखित प्रश्नों के उतर एक या दो शब्दों या वाक्यों में दीजिए:-**

प्रश्न 14 कानून बनाने वाला सरकार का अंग क्या कहलाता है ? 1

प्रश्न 15 पदोन्नति का क्या अभिप्राय: है ? 1

प्रश्न 16 पंचायती समिति का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है ? 1

प्रश्न 17 भारत में किसकी अनुमति के बिना धन खर्च नहीं किया जा सकता है ? 1

नीचे दो कथन दिए गए हैं --- जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों(A),(B),(C),(D) में से उतर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

प्रश्न 18 अभिकथन (A): राष्ट्रपति अथवा उपराष्ट्रपति के पद के निर्वाचन से जुड़े या उत्पन्न सभी शंकाओं और विवादों का समाधान उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा । 1

कारण (R): संसद,राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन से सबंधित किसी मामले को कानूनी रूप से विनियमित कर सकती है ।

A) A और R दोनों सही हैं तथा R,A की सही व्याख्या है।
B) A और R दोनों सही हैं तथा R की सही व्याख्या A नहीं है।
C) A सही है , लेकिन R गलत है।
D) A गलत है किन्तु R सही है।

प्रश्न 19 अभिकथन (A): अध्यादेश प्रशासन पर कार्यपालिका के नियंत्रण का साधन है। 1

कारण (R):शक्ति के अर्थों में प्रत्येक अध्यादेश संसद के अधिनियम के बराबर है।

A) A और R दोनों सही हैं तथा R,A की सही व्याख्या है।
B) A और R दोनों सही हैं तथा R की सही व्याख्या A नहीं है।
C) A सही है , लेकिन R गलत है।
D) A गलत है किन्तु R सही है।

प्रश्न 20 अभिकथन (A); कोई व्यय संसद कि स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकता । 1

कारण (R): हमारी जनतान्त्रिक सरकर संसद कि सर्वोच्चता की अवधारणा पर आधारित है ।

A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
B) A और R दोनों सही हैं तथा R की सही व्याख्या A नहीं है।
C) A सही है , लेकिन R गलत है।
D) A गलत है किन्तु R सही है।

## खंड -ब
## SECTION-B
### [अति लघुत्तरात्मक प्रश्न ]

प्रश्न 21 कार्यपालिका का सामान्य अर्थ क्या है ? 2

प्रश्न 22 समवर्ती सूची में दिए गए विषयों के संबंध में कानून बनाने की शक्ति किसके पास है ? 2

प्रश्न 23 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने के लिए कोई दो योग्यताएं लिखें । 2

प्रश्न 24 विभाग का अर्थ एवं परिभाषा दीजिए । 2

प्रश्न 25 लोक निगमों की कोई दो विशेषताएं लिखें । 2

प्रश्न 26 विभाग की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

प्रश्न 27 प्रत्यक्ष भर्ती के कोई दो अवगुण लिखें । 2

प्रश्न 28 भारत में भर्ती के क्षेत्र में योग्यता का सिद्धांत कब से प्रचलित है और इसके जनक कौन थे ? 2

प्रश्न 29 पदोन्नति के वरिष्ठता के सिधांत के कोई दो गुण बताएं । 2

## खंड -स
## SECTION-C
### [लघुत्तरात्मक प्रश्न ]

प्रश्न 30 राज्य लोक सेवा आयोग के प्रमुख कार्य बताइए । 4

प्रश्न 31 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता को बनाए रखने के क्या उपाय किए गए हैं ? 4

प्रश्न 32 संसद बजट को किस प्रकार नियंत्रित करती है ? 4

प्रश्न 33 सर्वोच्च न्यायालय की संविधान के संरक्षक की भूमिका पर नोट लिखें । 4

प्रश्न 34 लोक निगमों की कोई चार हानियां लिखिए । 4

प्रश्न 35 भारतीय संविधान के कोई चार एकात्मक लक्षणों का वर्णन कीजिए । 4

## खंड -ड
## SECTION-D
### [ निबंधात्मक प्रश्न ]

प्रश्न 36 भारतीय राष्ट्रपति की वैधानिक या विधायी शक्तियों का वर्णन करें । 6

अथवा

भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों का वर्णन करें ।

प्रश्न 37 भारत में पंचायती राज से संबंधित मुख्य समस्याओं को लिखिए । 6

अथवा

भारत में पंचायती राज में सुधार लाने के लिए अपने सुझाव दीजिए ।

प्रश्न 38 लोक सेवकों के प्रशिक्षण के तरीकों का वर्णन करें । 6

अथवा

भारतीय प्रशिक्षण प्रणाली के दोषों को दूर करने के उपाय बताएं।